हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 16 जनवरी 2026

देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा



04 पुरानी पेंशन बहाली से लेकर ई-अटेंडेंस पर...





07 एनएच 44 पर कैलगुवां ओवरब्रिज की एक लेन...




## खबर संक्षेप

### सीहोर में रोजगार मेला का आयोजन आज

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 16 जनवरी को सीहोर स्थित डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में सुबह 11 बजे से युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार प्रदान किया जायेगा। रोजगार मेले में अनेक कंपनियों द्वारा लगभग 1696 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा एवं नये प्रकरण तैयार किये जायेंगे। इसके साथ ही आईटीआई विभाग द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये युवाओं को चयनित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक अपने सभी मूल दस्तावेजों के साथ 16 जनवरी को रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

### श्रमोदय आवासीय विद्यालय में प्रवेश के आवेदन 20 तक

**सीहोर।** मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा संचालित श्रमोदय आवासीय विद्यालय भोपाल में कक्षा 6 वीं, 7 वीं, 8वीं एवं 9वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इसके लिए इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन पोर्टल www.mpsos.nic.in पर आवेदन की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 है। इसके साथ ही परीक्षा के प्रवेश पत्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के पोर्टल www.mpsos.nic.in से डाउनलोड किये जा सकेंगे।

### उपसरपंच के पदों के निर्वाचन के लिए सम्मेलन आज

**सीहोर।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के. ने जिले के सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को जिले की पंचायतों में रिक्त उपसरपंच के पदों के निर्वाचन हेतु निर्वाचित पंचों का सम्मिलन आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार यह सम्मिलन 16 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) में पंच पदों के निर्वाचन परिणाम की घोषणा 5 जनवरी 2026 को संपन्न हो चुकी है।

### प्रसिद्ध भजन गायक सुधीर व्यास ने दी भजनों की प्रस्तुत

# पंचमुखी हनुमान मंदिर पर भजन संध्या के साथ सुंदरकांड का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

ये चमक ये दमक, सब कुछ सरकार तुम्हीं से है... जैसे भजन को अपना स्वर प्रदान कर उस भजन को पूरे देश में लोकप्रिय बनाने वाले प्रसिद्ध भजन गायक सुधीर व्यास की भजन संध्या के साथ सुंदरकांड का आयोजन मकर संक्रांति पर्व पर 14 जनवरी को नगर में हुआ। आयोजन में बड़ी संख्या में नगर सहित कई अन्य स्थानों से भी श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

सुंदरकांड का आयोजन बुधवार रात्रि को चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर रियल स्टेट कारोबारी आशीष खंडेलवाल द्वारा भजन संध्या के साथ करवाया गया। भजन संध्या कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित देश के सुप्रसिद्ध भजन गायक जिनके द्वारा प्रस्तुत भजन ये चमक ये



दमक, सब कुछ सरकार तुम्हीं से है। लोकप्रिय होकर पूरे देश में प्रसिद्ध हो गया है ऐसे भजन गायक सुधीर व्यास द्वारा भजनों की प्रस्तुतियां दी गई। साथ ही व्यास द्वारा अपनी सुमधुर आवाज में संगीत की धुन पर तीन घंटे में सुंदरकांड का पाठ किया गया। उनके द्वारा सुंदरकांड के प्रत्येक दोहे का सरल भाषा में अनुवाद कर समझाया गया। नगर में पहली बार सुंदरकांड का सरल हिंदी में अनुवाद सुनकर उपस्थित भक्त अभिभूत हो रहे थे। व्यास द्वारा सुंदरकांड के समापन पर अपना प्रसिद्ध भजन ये चमक ये दमक सुनाया गया जिस पर पांडाल में उपस्थित प्रत्येक श्रद्धालु थिरकने से स्वयं को नहीं रोक पाया।

सुंदरकांड में नलखेड़ा के इतिहास में सर्वाधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति स्वयं सिद्ध कर रही थी कि यह आयोजन ऐतिहासिक बन गया है। भजन संध्या के इस आयोजक में क्षेतिय विधायक भेरूसिंह परिहार बापू के साथ अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। वहीं नगर सहित आसपास के ग्रामों तथा अन्य स्थानों से भी बड़ी संख्या में नागरिकों तथा महिलाओं ने भाग लेकर देर रात्रि तक भजनों तथा सुंदरकांड पाठ का आनंद उठाया। इस अवसर पर पंचमुखी हनुमान मंदिर पर अंजनी लाल के समक्ष 56 भोग लगाकर आयोजक खंडेलवाल परिवार ने आरती कर महाप्रसादी का वितरण किया।

**भजन गायक का किया सम्मान:** भजन संध्या कार्यक्रम के आयोजक आशीष खंडेलवाल ने भजन गायक तथा उनकी टीम के साथ कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत कर मां बगलामुखी का चित्र भेंट कर सम्मान किया। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा तथा अन्य पदाधिकारियों के साथ तहसील प्रेस क्लब के सदस्यों व नागरिकों ने भजन गायक सुधीर व्यास का पुष्प हारों से स्वागत कर सम्मान किया।

## नव कुंडात्मक रुद्र यज्ञ के लिए इंद्रध्वज पूजन कर ध्वजारोहण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

आगामी 25 जनवरी से होने वाले नव कुंडात्मक रुद्र यज्ञ एवं सप्त दिवसीय संगीतमय महाशिवपुराण कथा के लिए गुरुवार को मकर संक्रांति के पर्व पर श्रद्धालुओं ने श्री योगेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण पर इंद्रध्वज का पूजन कर ध्वजारोहण किया गया। स्मरण रहे एक वर्ष पूर्व श्री योगेश्वर महादेव के नवनिर्मित मंदिर पर शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्य दाऊलाल मित्तल ने बताया कि मंदिर के एक वर्ष पूर्ण होने पर पाटोत्सव के उपलक्ष में उक्त कार्यक्रम रखा गया है।

इस आयोजन में संगीतमय महाशिवपुराण कथा के साथ ही नौ कुंडीय यज्ञ भी संपन्न होगा। इस हेतु कथा एवं यज्ञ स्थल पर युद्ध स्तर पर तैयारी की जा रही है। उक्त कार्यक्रम कथा वाचक पंडित चतुर्भुज चतुर्वेदी के संयोजन में संपन्न होगा। 25 जनवरी से प्रारंभ उक्त कार्यक्रम की पूर्णाहुति 31 जनवरी को भंडारे के साथ होगी।

## 356 क्रांतिकारियों की शहादत को किया नमन, 100 फीट ऊंचे तिरंगे को लहराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अमर शहीदों की याद में बुधवार को सैकड़ाखेड़ी स्थित शहीद स्थल पर गरिमामयी श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। मकर संक्रांति के पावन अवसर पर समूचा शहर उन 356 वीरों की शहादत को नमन करने उमड़ा, जिन्होंने 14 जनवरी 1858 को देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। इस ऐतिहासिक मौके पर शहीद स्थल पर 100 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज का ध्वजारोहण किया गया, जो अब दूर से ही शहीदों की गाथा सुनाता नजर आएगा।

कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा, विधायक सुदेश राय, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा और नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र अर्पित कर क्रांतिकारियों को याद किया।

पंडित प्रदीप मिश्रा और विधायक राय ने अपने संबोधन में कहा कि सीहोर की यह भूमि हमारे लिए किसी तीर्थ से कम नहीं है। 1858 में यहां हुई बर्बरतापूर्ण घटना जलियांवाला बाग हत्याकांड की याद दिलाती है। इन अमर शहीदों की शहादत को जीवंत रखने के लिए इस स्थल का समग्र विकास निरंतर किया जा रहा है।

**हिंदू-मुस्लिम एकता का प्रतीक है यह स्थल:** कलेक्टर-एसपी कलेक्टर बालागुरू के. और एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि सीहोर का यह शहीद स्थल हिंदू-मुस्लिम एकता की एक अद्भुत मिसाल है। उन्होंने कहा कि 1857 की क्रांति में यहां के सेनानियों का मानना था कि देश से बढक़र कुछ नहीं है। आज की युवा पीढ़ी को इन वीर क्रांतिकारियों से प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्र रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि 10 मई 1857 को मेरठ में हुई क्रांति से पहले ही सीहोर में विद्रोह की ज्वाला सुलग चुकी थी। 14 जनवरी 1858 को अंग्रेजी हुकूमत ने मध्य भारत के विद्रोह को कुचलने के लिए 356 क्रांतिकारियों को एक साथ मौत के घाट उतार दिया था। उन्हीं की याद में यह दिन शहीद दिवस के रूप में अत्यंत श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। कार्यक्रम में सीताराम यादव, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल अरोरा, राजकुमार गुप्ता, पंकज गुप्ता, सुदीप प्रजापति, सुरेंद्र मेवाड़ा, आनंद गांधी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजीव गुजराती सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और स्कूली बच्चे शामिल हुए।

### गुदरावन में नेत्र शिविर का आयोजन आज

**नलखेड़ा।** ग्राम गुदरावन में शुक्रवार को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन होगा। जानकारी देते हुए जयनारायण चौधरी ने बताया कि पाटीदार धर्मशाला गुदरावन में सरदार पटेल युवा संगठन एवं सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के संयुक्त तत्वावधान में 18वां नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन 16 जनवरी को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि जिन्हें भी अपने नेत्रों की जांच कराना है वह अपना आधार कार्ड एवं मोबाइल नंबर लेकर शिविर आए। जिन मरीजों का चयन ऑपरेशन के लिए किया जाएगा उन्हें निशुल्क बस द्वारा आनंदपुर ले जाया जाएगा, जहां ठहरना, भोजन, दवाई एवं निशुल्क लैंस, चश्मा लगाए जाएंगे। ऑपरेशन उपरांत पुनः गुदरावन छोड़ा जाएगा।

## श्रीराम संकीर्तन मंडल के सदस्यों का किया स्वागत



**नलखेड़ा।** अयोध्या में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त नगर में श्रीराम संकीर्तन मंडल द्वारा प्रारम्भ की गई प्रभातफेरी आज भी दो वर्ष से अधिक समय से प्रतिदिन निकाली जा रही है। श्रीराम संकीर्तन मंडल के सदस्यों का नारी शक्ति मित्र मंडल द्वारा स्वागत किया गया। गुरुवार को नारी शक्ति मित्र मंडल की सदस्याओं द्वारा स्थानीय चौक बाजार में श्रीराम संकीर्तन मंडल के सदस्यों का पुष्पहारों से स्वागत कर सम्मान किया गया।

### चार लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नलखेड़ा।** अपर कलेक्टर आरपी वर्मा द्वारा ग्राम जाख, तहसील सुसनेर निवासी श्रीराम यादव पिता नानुराम यादव की कृषि कार्य के दौरान करंट लगने से मृत्यु हो जाने पर मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना अंतर्गत 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। यह आर्थिक सहायता मृतक की निकटतम वारिस पत्नी शारदाबाई को स्वीकृत की गई है।

### रोमांचक मैच में संकल्प ने संस्कार मंच को पांच रन से हराया

**सीहोर।** शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प नशा मुक्ति केन्द्र पर दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर बुधवार की दोपहर में एक मैच खेला गया। इसमें रोमांचक मैच में संकल्प केन्द्र ने संस्कार मंच को पांच रन से हराया। इस मैच में संकल्प टीम के कप्तान उपेन्द्र सेंगर ने 66 रन की विस्फोटक पारी खेली, वहीं हरीश शर्मा ने तीन विकेट लिए। मैच के अंत में केन्द्र के संचालक राहुल सिंह, संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा, धर्मेन्द्र माहेश्वरी, ज्योतिष पंडित कुणाल व्यास आदि ने संयुक्त रूप से मैन आफ द मैच का पुरस्कार संकल्प के कप्तान उपेन्द्र सेंगर और गेंदबाज हरीश शर्मा को दिया। बुधवार को दोपहर में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी संकल्प केन्द्र की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 145 रन बनाए थे। इसमें कप्तान उपेन्द्र सेंगर ने 66 रन, सोनू ने 25 रन, कार्तिक ने 24 रन के अलावा हरीश शर्मा ने 22 रन की पारी खेली। इधर संस्कार मंच की ओर से गेंदबाजी करते हुए भानू चौधरी, धीरज, आकाश राय ने दो-दो विकेट हासिल किए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी संस्कार मंच की शुरूआत खराब रही, उनके सलामी बल्लेबाज हर्षित बुन्देला-राजेश 10 रन के अंतराल पर आउट हो गए। इसके बाद जैसे-तैसे धीरज ने 44 रन और आकाश ने 38 रन की पारी खेलते हुए टीम को 140 रन के स्कोर तक पहुंचाया। इधर संकल्प केन्द्र की ओर से गेंदबाजी करते हुए हरीश शर्मा-नंद किशोर ने तीन-तीन विकेट हासिल किए।

## कुबेरेश्वर धाम के पास पिकअप ने ऑटो को मारा टक्कर, सात श्रद्धालु घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

भोपाल-इंदौर मार्ग पर कुबेरेश्वर धाम के पास बुधवार सुबह पिकअप की टक्कर से ऑटो में सवार 7 सवारियां घायल हो गई है। हादसे के बाद घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भेजा गया है। बताया गया है कि इस सड़क हादसे में ऑटो काफी क्षतिग्रस्त हो गया है। ऑटो की हालत देखकर ही अंदाजा लगाया जा सकता है की टक्कर काफी भीषण थी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इस सड़क हादसे में जो लोग घायल हुए हैं उनमें नरोत्तम सिंह उम्र 35 साल निवासी अलीगढ़, अनीता देवी उम्र 35 साल, रुक्मणि देवी उम्र 35 साल डोरीनगर, प्रिया सिंह उम्र 35 साल निवासी दिल्ली, रूपा मुन्ना लाल उम्र 60 साल निवासी मोहन पूरा, कृष्णा जगपाल उम्र 30 साल निवासी अलीगढ़, शशि राधेश्याम उम्र 33 साल अलीगढ़ है।

### अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने किया शुभारंभ

# अब नपा क्षेत्र की सड़कों पर अवैध रूप से नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों के खिलाफ टोइंग वाहन से होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

नगरपालिका क्षेत्र की सड़कों पर अवैध रूप से नो-पार्किंग क्षेत्र में खड़े वाहनों के खिलाफ टोइंग वाहन की कार्रवाई करेगी। इसके लिए अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने बुधवार को सैकड़ाखेड़ी स्थित शहीद स्मारक पर नगर पालिका परिषद द्वारा यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से रखने हेतु 22 लाख की लागत से टोइंग वाहन का शुभारंभ किया।

इस मौके पर पंडित मिश्रा ने कहाकि शहर को स्वच्छता के साथ इस कदम का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना और सड़कों पर बढ़ते अव्यवस्थित पार्किंग से निपटना है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, कलेक्टर बाला गुरु के, एसपी दीपक शुक्ला सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस मौके पर नपाध्यक्ष राठौर ने कहाकि नगरपालिका ने इस प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए वाहन को आरंभ किया है। इस कदम का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करना और सड़कों पर बढ़ते अव्यवस्थित पार्किंग से निपटना है। नगर पालिका के अमले ने बताया कि नपा की टोइंग वैन का विधिवत लोकार्पण हो गया और थोड़ी देर बाद शहर में चेतावनी के लिए भी वाहन को निकाला गया। पहले दिन लोगों को हिदायत दी गई कि अपने वाहन को दायरे में ही रखें, अन्यथा कल से वाहनों की जब्ती का काम शुरू होगा, फिर चालान काटने के बाद ही वाहन छोड़ा जा सकेगा।



### बढ़ता यातायात बना चुनौती शहर की सड़कों पर

शहर की सड़कों पर बढ़ता यातायात बना चुनौती शहर की सड़कों पर बढ़ते यातायात दबाव और पार्किंग की कमी के कारण, नो-पार्किंग क्षेत्रों में वाहनों का खड़ा होना एक बड़ी समस्या बन चुका है। इससे न केवल यातायात बाधित होता है, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है।

**खबर संक्षेप**

### आयुक्त ने किया वार्डों का औचक निरीक्षण



**देवास।** आयुक्त दलीप कुमार ने वार्ड 12 मे स्थित चंद्रशेखर आजाद मल्टी मे किये जाने वाले जल सप्लाय के पानी की टंकी का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान टंकी की सफाई के निर्देश निगम प्र.कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती को दिये। साथ ही आयुक्त ने वार्ड 13 में भी भ्रमण किया भ्रमण के दौरान मेंढकी स्थित वार्ड में कचरा पॉइंट मिलने पर तत्काल कचरा उठवाये जाने के निर्देश देते हुये वार्ड में कहीं भी कचरा पाईंट नही बने इस हेतु वार्ड दरोगा को चेतावनी देते हुये सख्त निर्देश दिये। इसी प्रकार मयूर पार्क व मेढकी मे स्थित श्मशान का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी लेते हुये स्वास्थ्य अधिकारी जितेन्द्र सिसोदिया को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये।

### आनंद उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया जा रहा आयोजन

**देवास।** शासन के निर्देशानुसार के जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में "आनंद उत्सव" का आयोजन किया जा रहा है। आनंद उत्सव में जिले के ग्रामों एवं नगरीय निकायों में बच्चों, बुजुर्गों एवं महिलाओं के लिए विभिन्न पारंपरिक खेल प्रतियोगिता आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सभी उत्साह से सहभागिता कर आनंद की अनुभूति प्राप्त कर रहे हैं। आनंद विभाग की समन्वयक डॉ समीरा नईम ने बताया कि देवास जिले के सभी विकासखंडों एवं नगर परिषदों में लगभग 295 स्थानों पर आनंद उत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिलेवासी 28 जनवरी तक संचालित आनंद उत्सव में उत्साह के साथ सहभागिता कर पारंपरिक खेलों का आनंद ले रहे हैं।

यह उत्सव नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों के महिला एवं पुरुषों में आनंद की अनुभूति दिलाने के लिए आयोजित किया जा रहा है। आनंद के इस कार्यक्रम अंतर्गत कबड्डी, कुर्सी दौड़, नींबू रेस, रस्सी खींच, बोरा दौड़ एवं अन्य पारम्परिक खेलों के साथ, गायन, नृत्य, भजन आदि, सांस्कृतिक गतिविधियों को शामिल किया गया हैं।

### मप्र तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# पुरानी पेंशन बहाली से लेकर ई-अटेंडेंस पर रोक तक, कर्मियों ने उठाई समस्याएं

तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के नेतृत्व में मान्यता प्राप्त सभी संगठनों ने उठाई 11 सूत्रीय मांगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ मध्यप्रदेश (राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ से सम्बद्ध) के नेतृत्व में मान्यता प्राप्त सभी संगठनों ने शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारियों की विभिन्न लंबित एवं न्यायोचित मांगों को लेकर प्रांतीय आव्हान पर गुरूवार को मुख्यमंत्री महोदय मप्र शासन के नाम ज्ञापन कलेक्टर कार्यालय में डिप्टी कलेक्टर ऋतु चौरसिया को सौंपा। मप्र तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, संयुक्त मोर्चा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपूत एवं पेंशनर्स संघ के जिलाध्यक्ष गंगासिंह सोलंकी ने संयुक्त रूप से बताया कि कर्मचारी वर्ग लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर प्रतीक्षारत है, किंतु अब तक संतोषजनक समाधान नहीं हो सका है। इस कारण कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है।

ज्ञापन में कुल 11 सूत्रीय मांगें प्रमुख रूप से रखी गईं, जिनमें पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू करना, ई-अटेंडेंस प्रणाली पर तत्काल रोक, केंद्र सरकार के समान महंगाई भत्ता एवं राहत, कैशलेस स्वास्थ्य बीमा का पूर्ण लाभ, नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से 100 प्रतिशत वेतन एवं एरियर्स का भुगतान शामिल है। इसके साथ ही शिक्षा एवं अनुसूचित जनजाति विभाग के शिक्षकों को तृतीय क्रमोन्नत वेतनमान, लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के समान वेतनमान, दैनिक वेतन एवं संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, समस्त संवर्ग की पदोन्नति, अनुकंपा नियुक्ति व चतुर्थ श्रेणी पदों पर सीपीसीटी की अनिवार्यता समाप्त करने तथा सेवानिवृत्ति के दिन ही पीपीओ एवं अन्य देयकों का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की गई। वहीं वर्ष 1997 से नियुक्त गुरुजी संवर्ग को प्रथम नियुक्ति तिथि से वरिष्ठता का लाभ देते हुए समस्त देय सुविधाएं प्रदान करने की मांग भी ज्ञापन में प्रमुखता से उठाई गई। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि ये सभी मांगें पूरी तरह से न्यायोचित, कर्मचारी हितैषी एवं शासन की कार्यक्षमता बढ़ाने वाली हैं। यदि शासन द्वारा इन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाता है, तो कर्मचारियों का मनोबल बढ़ेगा और कार्य संस्कृति और अधिक सुदृढ़ होगी।

कर्मचारी संघ ने मुख्यमंत्री से मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर शीघ्र निराकरण करने का आग्रह किया है। इस दौरान मुख्य रूप जगदीश तंवर, रा.क. मण्डी प्रकोष्ठ अध्यक्ष मुकेश चौधरी, रामस्वरूप कहार, अभिजीत बैस, जगदीश कुमार, बाबूलाल मालवीय, अभिता डेविड, राखी सेन, समा चौहान, जितेन्द्र मेहता, जागृति गुप्ता, सतीष शर्मा, सत्यनारायण वर्मा, हीरामणि पटेल, सरस्वती गोयल, राजेन्द्र टांडी, ममता नायडे, जगदीश मंगरोला, गोरधन माली, समंदरसिंह बैस, मोहनसिंह रघुवंशी, चंदरसिंह कुशवाह, वाहन चालक संघ अध्यक्ष महेन्द्रसिंह तोमर, कमलेश अवस्थी, कृष्णपाल सिंह सोलंकी सहित कलेक्टर



कार्यालय, वन विभाग, डाइड कॉलेज, शिक्षा विभाग, पेंशनर्स संघ के साथ समस्त 53 विभागों के कर्मचारी बडी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे।

# एसआईआर के तहत जिले में तीन हजार मतदाताओं के प्रकरणों का निराकरण

**दावे-आपत्ति प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22 तक**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

उप जिल निर्वाचन अधिकारी देवास ने बताया कि फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के लिए जारी कार्यक्रम अनुसार ऐसे मतदाताओं जिन्होंने इम्यूनिरेशन फार्म में अपना स्वयं का अथवा परिवार के सदस्य का 2003 की मतदाता सूची का विवरण अंकित नहीं किया गया था, ऐसे समस्त मतदाताओं को सूचना पत्र जारी किये गये है।

सूचना पत्र प्राप्त होने पर संबंधित मतदाताओं द्वारा निर्धारित दिनांक पर संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अथवा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों में अपेक्षित दस्तावेज प्रस्तुत किये जा रहे है। कार्यवाही अन्तर्गत जिले की पांचो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रो में अब तक लगभग 03 हजार मतदाताओं के प्रकरणों का निराकरण कर लिया गया है। समस्त मतदाताओं से अपील की जाती है कि सूचना प्राप्त होने पर आवश्यक अपेक्षित दस्तावेज संबंधित ईआरओ अथवा एईआरओ कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि निर्धारित समय-सीमा में दस्तावेजों का सत्यापन किया जा सकें।

गहन पुनरीक्षण कार्यवाही अन्तर्गत अब तक जिले में नाम जोड़े जाने हेतु लगभग 09 हजार फार्म-6 तथा विवरण संशोधन के लिए 08 हजार मतदाताओं ने फार्म-8 में आवेदन प्रस्तुत किये है। दावे-आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु अंतिम तिथि 22 जनवरी 2026 है। समस्त पात्र मतदाता निर्धारित प्रारूप में अपने आवेदन नियत समयावधि में अपने क्षेत्र के बीएलओ को जमा कर सकते है। आवेदन आनलाईन भी भरा जा सकता है।

### कांग्रेस का आज क्षिप्रा में किसान न्याय सम्मेलन, प्रदेश अध्यक्ष करेंगे संबोधित



**देवास।** जिला कांग्रेस कमेटी देवास एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी क्षिप्रा के संयुक्त तत्वावधान में आज किसान न्याय सम्मेलन का आयोजन क्षिप्रा गार्डन (ग्राम क्षिप्रा) में किया जाएगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी एवं ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सोहन पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि किसान न्याय सम्मेलन को प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा, संजय दत्त, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी, जिला कांग्रेस प्रभारी सदाशिव यादव सहित अनेक वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। सम्मेलन में किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसमें फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी, आलू, प्याज एवं लहसुन का समर्थन मूल्य निर्धारित किए जाने, लैंड पुलिंग समाप्त करने, शासकीय कार्यों में भूमि अधिग्रहण पर गुना मुआवजा देने सहित अन्य मांगों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, ब्लॉक अध्यक्ष सोहन पटेल, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रत्याशी ठाकुर राजवीर सिंह बघेल, प्रदीप चौधरी, जयसिंह ठाकुर, मनोज राजानी, रेखा वर्मा, मुकेश पटेल, भगवान सिंह चावड़ा, तंवर सिंह चौहान, विक्रम मुकाती, विश्वजीत चौहान, रघुवीर सिंह बघेल, रविंद चौधरी सहित अन्य कांग्रेस नेताओं ने की है।

# हमेशा की तरह अपने कांधे पर झोला टांग नगर में संक्रांत पर्वी मांगने निकल पड़े नगर परिषद अध्यक्ष जोशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



गुरुवार सुबह अपने कंधे पर झोला लटकाए भौंरासा नगर परिषद अध्यक्ष व नगर परसाई संजय जोशी हमेशा की तरह अपने कर्म को निभाते हुए निकल पड़े। इसी कड़ी में नगर परिषद उपाध्यक्ष जय सिंह राणा के गृह निवास भी पहुंचे और बाहर से हमेशा की तरह आवाज़ लगाई लाओ संक्रांत पर्वी। इसी तरह पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष जीवन सिंह ठाकुर व नगर वसूली पटेल यसवंत सिंह राजपूत, डॉ. रूपसिंह नागर, अश्विन जायसवाल, सहित नगर के अनेको घरो पर पहुंचे व अपने कर्तव्य का निर्वाहन किया। इसी तरह पूरे नगर में भी नगर परसाई होने के नाते गांव में संक्रांति पर अनाज मांगने निकले। हर साल की तरह नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी अपने पुरानी परंपरा का निर्वहन के लिए संक्रांति पर घर-घर जाते हैं और घर के सामने पहुंचकर आवाज लगते हैं लाओ संक्रांत पर्वी। हर घर से उन्हें अनाज दिया जाता है वे यहां पर पूर्व में भी दो बार नगर परिषद अध्यक्ष रहे हैं व अभी वर्तमान में भी नगर परिषद अध्यक्ष है लेकिन उन्होंने अपने कर्म से मुंह नहीं फेरा। गांव के लोग भी अपने नगर परसाई को संक्रांति पर पूरे आदर सम्मान के साथ संक्रांत पर्वी के रूप में अनाज देते हैं। जब इस संबंध में नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी परसाई से पूछा गया तो उनका कहना था कि मैं पहले नगर का पुरोहित हूं और अध्यक्ष बाद में इसलिए मैं अपने कर्म व धर्म का निर्वाह कर रहा हूं और पिछली कई पीढ़ियों से हमारे पूर्वज भी संक्रान्ति पर्व पर यह कार्य करते आ रहे हैं।

# शहर कांग्रेस ने मनाया मकर संक्रांति पर्व, बच्चों को तिल-गुड़ और पतंग-मांझे का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



सुख-समृद्धि, दान-पुण्य और उल्लास का पर्व मकर संक्रांति शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम के नेतृत्व में गुरुवार को स्थानीय जवाहर चौक पर कांग्रेसजनों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों को पतंगों का वितरण किया गया तथा तिल-गुड़ बांटकर मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम ने कहा कि हंसी-खुशी और उल्लास के इस पावन पर्व पर कांग्रेस पार्टी की ओर से सभी नागरिकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

उन्होंने सभी के स्वस्थ एवं कुशल जीवन की कामना करते हुए कहा कि देवास शहर की एकता और भाईचारे की परंपरा को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है और सभी पर्व मिल-जुलकर मनाए जाने चाहिए। इस अवसर पर कांग्रेस नेता गुरचरण सिंह सलूजा, भगवान सिंह चावड़ा, सुधीर शर्मा, रोशन रायकवार, नरेंद्र यादव, नजर शेख, सुजीत सांगते, रविंद्र सोनी, वंदना पांडे, अनिल गोस्वामी, नीरज नागर, रूपेश कल्याने, ईशान राणा, दिलीप सिंह, कल्याण सिंह पवार, निलेश वर्मा, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, शाजी हाशमी, वीरेंद्र परदेशी, सुभाष वर्मा, अविनाश जेठवा, डैनी खान, पी.सी. हरोडे, प्रहलाद मिस्त्री, कल्लू भाई, राष्ट्रीय प्रिंस कटेसरिया, दीपेश हरोडे, ईश्वर हरोडे, रितेश सांगते, मुरलीधर गुप्ता, महेंद्र ठाकुर, रईस कामदार, विजय जलोदिया, मनीष परमार, ओमप्रकाश मंडलोई, विजय चौहान, मोनू मदनलाल मुकाती, उबेद शेख, राहुल ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# संकल्प से समाधान अभियान का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही को मिलने के उद्देश्य को लेकर नगर निगम द्वारा शासन निर्देशानुसार संकल्प से समाधान अभियान के अन्तर्गत 45 ही वार्डो में शिविरों का आयोजन 12 जनवरी से 15 फरवरी तक किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत गुरूवार 15 जनवरी को वार्ड 1 बिलावली के शासकीय स्कुल मे संकल्प से समाधान अभियान का शुभारंभ निगम राजस्व विभाग समिति अध्यक्ष व वार्ड पार्षद जितेन्द्र मकवाना द्वारा निगम उपायुक्त आरती खेडेकर के साथ किया गया।

इसी प्रकार वार्ड 2 आवास नगर में स्थित संत रविदास नगर मे शासकीय स्कुल परिसर मे संकल्प से समाधान अभियान का शुभारंभ निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी के द्वारा निगम प्र. कार्यपालन यंत्री जगदीश वर्मा के साथ किया गया। उल्लेखनीय है कि शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं मे म.प्र. भवन एवं संनिर्माण कर्मकार मंडल योजना, अन्तेष्टि सहायता योजना,कर्मकार अनुग्रह योजना, मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना आदि सहित शासन की अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले इस हेतु निगम द्वारा समस्त वार्डो मे शिविर आयोजित किये जा रहे है। इस अवसर पर निगम स्वच्छता निरीक्षक शंकर सांगते, ओमप्रकाश पथरोड, दरोगा विशाल बंजारे, निगम कर्मचारी मुकेश भिडे, आकाश बडोला, युसुफ खान, शुभम वैध, परवेज खान, महिला बाल विकास विभाग से ममता बामनिया, आंगनवाडी कार्यकर्ता, किरण शर्मा, कमला नागर, आशा कार्यकर्ता ललीता रेकवाल, सोना मालवीय, सुनिता मालवीय व बडी संख्या मे वार्डवासी उपस्थित रहे।

### जलेरिया मंडल के हिन्दू सम्मेलन में 7 गांवों के लोग हुए सहभागी, वक्ताओं ने रखे विचार

# कलश यात्रा, हवन, सुंदरकांड व समरसता भोज का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जलेरिया मंडल में गुरुवार को हिन्दू समाज की एकता, संस्कृति संरक्षण एवं धार्मिक उत्साह का प्रतीक बनता एक भव्य हिन्दू सम्मेलन ग्राम खेरिया में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन में आसपास के 7 गांवों जलेरिया, खेरिया, भगसरा, रोशनाबाद, मेडिया, बिजयनगर एवं अभयपुर से बड़ी संख्या सभी समाज के लोग सहभागी हुए। सम्मेलन का उद्देश्य हिन्दू धर्म की मूल भावना को मजबूत करना, सामाजिक समरसता बढ़ाना एवं सनातन संस्कृति के प्रति जागरूकता फैलाना था।कार्यक्रम की पूर्व संध्या पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश सजाकर भक्ति भाव से भाग लिया।

इसके पश्चात दीप यज्ञ आयोजन किया गया, जिसमें सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर राष्ट्र, समाज एवं व्यक्तिगत कल्याण की कामना की गई। सुंदरकांड पाठ में पूरा माहौल भक्ति रस से ओतप्रोत हो उठा।सम्मेलन के मुख्य आकर्षण रहेगायत्री हवन में सभी सहभागियों ने सामूहिक गायत्री मंत्र जाप एवं हवन किया। सभी ने समरसता भोज में एक साथ भोजन ग्रहण किया।इस अवसर पर महंत लवचन्द्रदास के साथ समाजसेवी बबिता कौशल, डॉ प्रतिभा शर्मा, गायत्री परिवार से शर्मा जी एवं मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक, देवास एवं उज्जैन विभाग के धर्म जागरण संयोजक धर्मेंद्र मालवीय मंचासीन रहे। महंत लवचंद्र दास ने अपने आशीर्वचन में कहा की सभी हिंदुओ को संगठित होकर रहना होगा इसी में राष्ट्र की भलाई है, जिसके लिए सभी समाजों को बराबरी का स्थान देना आवश्यक है। बबिता जी ने पंच परिवर्तन से समाज परिवर्तन के विषय पर अपने विचार रखे। डॉ प्रतिभा ने कहा कि वर्तमान समय में पढ़ाई से ज्यादा आवश्यक संस्कार है, लव जिहाद के माध्यम से हमारी बेटियों को षड्यंत्र कर फंसाया जा रहा है, जिसके प्रति हमें सावधान रहना होगा।

मुख्य वक्ता मालवीय ने सभी को संबोधित करते हुए कहा की समाज, जीव-जंतु एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण ही धर्म है, साथ हमारी उपासना, पूजा, व्रत आदि हमारे ₹कर्म₹ है, और 'कर्म' के साथ 'समर्पण' के भाव को दैनिक जीवन में जीना श्रेष्ठकर है। इसी प्रकार राष्ट्र एवं समाज मे प्रति समर्पण का भाव संघ सिखाता है। आपने कहा कि हमारे जातियों में बिखरना का लाभ राष्ट्रविरोधी शक्तियां उठाती है, हम सब के संगठित रहने में ही हमारे गांवों का विकास संभव है। शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन हिन्दू समाज में एकजुटता एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम का समापन भारत माता की आरती के साथ हुआ। इसी प्रकार शनिवार को देवास नगर के शान्तिपुरा बस्ती, सन्नोड एवं लोहाना मंडलों के हिन्दू सम्मेलन आयोजित होंगे।

# खेलेंगे हम जीतेगा एमपी टार्च रैली का देवास में हुआ आगमन




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

खेलो एमपी यूथ गेम्स 2026 का आयोजन प्रदेश के युवा खिलाड़ियों के किया जा रहा है जिसकी बैटन रिले टार्च को देवास में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया, जिला अध्यक्ष राय सिंह सेंधव, पूर्व प्राधिकरण अध्यक्ष राजेश यादव एवं सेना गाडरिया जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी को भोपाल से आए दल प्रभारी शिव कुमार तोमर तथा तौफीक खान ने टार्च सौंपी। जिला अध्यक्ष ने देवास जिले के खिलाड़ियों को बैटन टार्च सौंप कर आगे बड़ाया। टार्च श्रीमंत तुकोजी राव पवार स्टेडियम से कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम पहुंची जहाँ पर खेल संघ एवं खिलाड़ियों द्वारा स्वागत कर इन्दौर के लिए रवाना की गई। यहा बैटन टार्च रैली प्रदेश के विभिन्न जिलों से होकर भोपाल पहुँचेगी, जिसमें विभिन्न खेल संघो के पदाधिकारी गण एवं खिलाड़ीगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्रांतर्गत ग्राम थनवारा में रहने वाले अमर सिंह पुत्र मोतीलाल ने पुलिस को बताया कि 12 जनवरी को शाम करीब 7 बजे वह गांव में मस्जिद के पास खड़ा था। तभी गांव के ब्रजेश पुत्र लच्छी कुशवाहा आया और उसे गालियां देने लगा। विरोध करने पर ब्रजेश ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**ललितपुर।** तहसील तालबेहट के ग्राम तेरई निवासी कमला पत्नी कोमल कुशवाहा ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि उसका 18 वर्षीय पुत्र धीरज कुशवाहा 21 दिसम्बर की रात में ललितपुर से अपनी मोटर साइकिल नम्बर यू.पी.94 ए.ई. 5441 से आ रहा था। तभी तेरई फाटक के पहले मालवा ढ़ाबा के पास पहुंचा ही था कि रात करीब 9.57 बजे किसी अज्ञात वाहन ने उसे पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पुत्र धीरज की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### एक हजार कर्मचारियों को नहीं मिली तनख्वाह

**विदिशा।** जनवरी माह के 15 दिन बीत जाने के बाद भी नगरपालिका के लगभग एक हजार अधिकारी एवं कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल सका है। बुधवार को नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने सीएमओ दुर्गेश सिंह ठाकुर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल वेतन भुगतान की मांग की है। उन्होंने सवाल उठाया कि बिना वेतन के कर्मचारी त्योहार कैसे मनाएं। आशीष माहेश्वरी ने बताया कि नगरपालिका के कर्मचारी दिन-रात जनता की सेवा में लगे रहते हैं, ऐसे में उनका वेतन समय पर न मिलना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। किसी कर्मचारी को ईएमआई जमा करनी है, किसी को बच्चों की स्कूल-कॉलेज फीस भरनी है, तो किसी को राशन और गैस सिलेंडर जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए भी परेशान होना पड़ रहा है।

### रिपटा पर पुलिया निर्माण का रास्ता साफ

**ग्यारसपुर।** नेशनल हाईवे-146 बायपास पर स्थित जामुन वाला रिपटा पुलिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों की मांग अब रंग लाती नजर आ रही है। मोहनपुर गांव की निचली बस्ती में बारिश के दौरान जलभराव और घरों के डूबने की आशंका को लेकर ग्रामीणों ने जनसुनवाई में एसडीएम शशि मिश्रा को आवेदन सौंपा था। जिसके बाद विधायक हरि सिंह रघुवंशी के हस्तक्षेप पर एनएच अधिकारियों से चर्चा हुई। एसडीएम के निर्देश पर एमकेसी कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर दिगंबर सिंह फौजदार व लाइजनिंग मैनेजर पंकज गुप्ता ने स्थल निरीक्षण कर पुलिया निर्माण का आश्वासन दिया।

### पेयजल संकट, ग्रामीणों ने सौंपा पंचनामा

**ग्यारसपुर।** ग्राम चक्क सीहोद के ग्रामीणों ने नदी के प्राकृतिक जल प्रवाह को बाधित किए जाने का आरोप लगाते हुए तहसीलदार को पंचनामा सहित आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों के अनुसार 27 दिसंबर को बोरी रामपुर घटेरा पंचायत क्षेत्र के कुछ लोगों ने जॉन डियर ट्रैक्टर से नदी पर अवैध पुलिया-डेमनुमा संरचना बना दी, जिससे जल प्रवाह रुक गया। इससे चक्क सीहोद सहित आसपास के गांवों में गंभीर पेयजल संकट उत्पन्न हो गया है। सरपंच प्रतिनिधि गजेंद्र यादव ने बताया कि शिकायत व पटवारी निरीक्षण के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई, उल्टे आरोपी उग्र व्यवहार कर रहे हैं।

### जंगल में गश्त कर रहे वनकर्मी, बढ़ाई निगरानी

**शमशाबाद।** वन विभाग द्वारा वन्य प्राणियों को अवैध शिकार से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से ऑपरेशन वाइल्ड ट्रैप के तहत शमशाबाद वन परिक्षेत्र में विशेष गश्ती अभियान चलाया गया। यह अभियान वन मंडल अधिकारी हेमंत यादव के निर्देशन में संपन्न हुआ। परिक्षेत्र अधिकारी संगीता अमलतास के नेतृत्व में गठित गश्ती दल ने शिकार की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल जंगल गश्त की।

## निरीक्षण में राज्यमंत्री, सदर विधायक, डीएम व एसपी रहे मौजूद

# एनएच 44 पर कैलगुवां ओवरब्रिज की एक लेन का कार्य हुआ पूर्णः कमिश्नर

### कमिश्नर और डीएम कैलगुवां ने पैदल ओवरब्रिज का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



आमजन की सुविधा, यातायात सुरक्षा तथा विकास कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विगत दिनों मंडलायुक्त झांसी मंडल विमल कुमार दुबे एवं जिलाधिकारी सत्य प्रकाश प्रदेश के राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, के साथ एनएचएआई झांसी द्वारा एन.एच. 44 पर कैलगुवा रोड पर निर्मित ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया।

मंडलायुक्त ने अपने विगत निरीक्षण के दौरान ललितपुर की जनता से वादा किया था कि वह 15 जनवरी को पुनः ललितपुर आएंगे और ओवरब्रिज के निर्माण कार्य व संचालन को देखेंगे, इसके लिए उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को भी सख्त निर्देश दिए थे कि 15 जनवरी तक पुल के संचालन हेतु 24&7 कार्य करें, जिसके फलस्वरुप आज 15 जनवरी को उन्होंने अपना वादा पूरा किया और ओवरब्रिज का कार्य अपने अंतिम चरण में है। मंडलायुक्त ने कहा कि आगामी कुछ ही दिनों में ओवरब्रिज पूरी तरह से तैयार हो जाएगा और जनता की सेवा के लिए समर्पित हो जाएगा। इसके लिए उन्होंने जनपद के जनप्रतिनिधियों के प्रयासों वी एनएचएआई के अधिकारियों की दिन-रात की गई मेहनत की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्यमंत्री और सदर विधायक के प्रयासों से जल्द ही यह सौगात जनता को समर्पित होने जा रही है।

#### निर्धारित समय में इस काम को पूरा करें

राज्यमंत्री ने कहा कि यह ओवरब्रिज काफी समय से अधूरा था, जिससे जिले में यातायात की समस्या उत्पन्न हो गई थी, जनता की समस्याओं का संज्ञान लेकर एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देशित किया गया गया कि वे निर्धारित समय में इस काम को पूरा करें, जिससे यातायात की समस्या दूर हो सके। अधिकारियों की मेहनत का नतीजा है कि आज यह ओवरब्रिज पूरा होने जा रहा है। सदर विधायक ने कहा कि पूर्व में ओवरब्रिज की धीमी प्रगति के कारण मंडलायुक्त ने और फिर हमने जिलाधिकारी के साथ यहां का निरीक्षण किया था, अधिकारियों को चेतावनी भी दी थी, जिसकी परिणिति यह रही कि आगामी दिनों में इस पर वाहन चलना शुरू हो जाएंगे। यह ललितपुर के लिए बहुत बड़ी उपलब्धी होगी। इसके और शहजाद नदी के पुल के बन जाने से ललितपुर में जाम की समस्या पूरी तरह से खत्म हो जाएगी।

जिलाधिकारी ने कहा कि आज ओवरब्रिज के एक लेन का कार्य पूरा हो चुका है, आगामी दो से तीन दिनों में इसे ट्रैफिक के लिए खोल दिया जाएगा और जल्द ही दूसरी लेन का भी कार्य पूर्ण हो जायेगा। मा जनप्रतिनिधिगणों और मंडलायुक्त महोदय के विशेष प्रयास से यह संभव हो सका है। इस दौरान एसपी मो.मुश्ताक, एडीएम अंकुर श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, एनएचएआई के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जनता के लिए राहत भरी खबर

# बरेली बस सेवा जल्द शुरू हो सकतीः परिवहन मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाली




पाली क्षेत्र की जनता के लिए राहत भरी खबर है। लंबे समय से प्रतीक्षित पाली से बरेली बस सेवा को लेकर सकारात्मक संकेत मिले रहे हैं। उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने इस बस सेवा को शीघ्र संचालित करने का आश्वासन दिया है। उल्लेखनीय है कि 10 जनवरी को झांसी-ललितपुर सांसद अनुराग शर्मा एवं उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री मनोहरलाल पंथ द्वारा पाली नगर क्षेत्र में 13 करोड़ रुपये से अधिक की विकास योजनाओं का लोकार्पण किया गया था।

कार्यक्रम के दौरान पाली की आम जनता एवं पान कृषकों ने सांसद व मंत्री के समक्ष पाली से बरेली बस सेवा शुरू किए जाने की मांग प्रमुखता से उठाई थी। इस मांग को क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता बताया गया। इसी क्रम में पाली नगर पंचायत अध्यक्ष मनीष कुमार तिवारी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल लखनऊ पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में पार्षद मनोज चौरसिया, घनश्याम चौरसिया, पूर्व पार्षद नंद किशोर चौरसिया, खेमचंद्र चौरसिया सहित अन्य लोग शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ स्थित परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के आवास पर उनसे भेंट कर पालीदूबरेली बस सेवा के संचालन से संबंधित ज्ञापन सौंपा और क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। जनप्रतिनिधियों ने मंत्री को बताया कि पाली से बरेली के लिए सीधी बस सेवा न होने के कारण आम नागरिकों, व्यापारियों, विद्यार्थियों एवं पान कृषकों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। बस सेवा शुरू होने से न केवल यात्रा सुगम होगी बल्कि व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि पालीदूबरेली बस सेवा को जल्द से जल्द शुरू करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मंत्री के आश्वासन के बाद पाली क्षेत्र के नागरिकों में हर्ष और संतोष का माहौल देखा गया। जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, परिवहन मंत्री एवं संबंधित अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि शीघ्र ही पाली-बरेली मार्ग पर बस सेवा शुरू होगी।

## सीतापाठ पर लगा परंपरागत मेला

# जन सैलाब उमड़ा, पुलिस ने सुरक्षा के इंतजाम किए

**ललितपुर।** मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर गुरुवार को नगर के हृदय स्थल गोविंद सागर बांध पर परंपरागत तरीके से अगाध श्रद्धा के साथ मनाया गया। लोगों द्वारा सुबह से ही शुभ मुहूर्त में नदी, तालाबों, पोखरों में जाकर स्नान किया गया और भगवान की आराधना की गयी। वहीं तिल का दान किया गया, जगह-जगह खिचड़ी का वितरण भी किया गया।

मकर संक्रान्ति के पर्व गोविंदसागर बांध की तलहटी में स्थित सीतापाठ के धार्मिक स्थल पर मेले का आयोजन किया गया। इस दौरान सीतापाठ मंदिर पर स्थित माता सीता मंदिर, बालाजी सरकार समेत हजारिया महादेव का अभिनव श्रृंगार किया गया तो वहीं यहां पर हजारों लोगों ने पहुंच कर गोविंदसागर बांध व सीतापाठ जलाशय में स्नान कर सूर्यनमस्कार किया। तो वहीं लोगों ने मंदिर पर प्रसाद चढ़ाया व खिचड़ी का वितरण किया गया। इधर रणछोर में भी महायज्ञ प्रारम्भ हो गया। इस दौरान मेला भी लगा। मेले में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सभी धार्मिक क्रियायें मन्दिर के महन्त की देखरेख में सम्पन्न हुईं। कस्बा राजघाट में मकर संक्रान्ति पर्व पर मेला लगा। जिसमें हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। ब्रह्मलीन हुये सीतापाठ धाम के महन्त अमावसयगिरी महाराज की समाधि स्थल पर भी लोगों ने पूजन-अर्चन किया। इस दौरान सीतापाठ के महन्त जगद्गुरु कृष्णागिरी महाराज ने कहा कि भूखों को भोजन अन्नदान रोगी को औषधि दान करने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है। उन्होंने कहा कि नगरवासी अपने कारण से जनपद सदैव ही प्राकृतिक आपदाओं एवं धार्मिक उन्माद, दंगा आदि से बुराईयों से बचा रहता है तथा यज्ञ अनवरत रहते हैं। इस अवसर अनेकों श्रृद्धालुगण मौजूद रहे।

# श्रीनीलकंठेश्वर धाम मंदिर में श्रदालुओं ने लिया धर्मलाभ



**पाली (ललितपुर)।** विंध्याचल की वादियों में स्थापित भगवान भोलेनाथ के श्रीनीलकंठेश्वर धाम मन्दिर में एक दिवसीय मेले का आयोजन हुआ। मेले की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के नगर पंचायत पेयजल, खोया- पाया, सफाई आदि की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटी रही तो वहीं मेले को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए थाना पाली एसएचओ दीपक कुमार अपने पुलिस दलबल के साथ मौजूद रहे। कस्बे में शिवभक्तों की बड़ी आस्था का केंद्र भगवान भोलेनाथ के नीलकंठ धाम पर सुबह से ही शिवभक्तों का पहुंचना शुरू हो गया। जहां श्रदालुओं में सीतामढ़ी आश्रम जलकुण्ड, नीलकण्ठ जलकुण्ड में आस्था की डुबकी लगाकर तिल स्नान कर पुण्य लाभ लिया और भगवान के दर्शन कर धर्मलाभ लिया। मेले में लोग हर हर महादेव के जयकारे बोल बम के जयकारों के साथ मेले का आंनन्द उठा रहे थे। मेले में सजी दुकानों पर जहां बच्चों को खेल खिलौने खूब भाए तो महिलाओं ने घर ग्रहस्थी, सौंदर्य सामग्री की खूब खरीददारी की। इन दिनों पाली क्षेत्र के जंगलों में तेंदुए विचरण की चर्चा बनी है, जिसके चलते वन विभाग ने एक सूचना जारी की। साथ ही वहां मौजूद कर्मचारियों ने लोगों को मेले क्षेत्र से आगे जंगली क्षेत्र में जाने से रोका। मेले का लुत्फ उठाने के बाद बच्चों और महिलाओं ने वहां पास बने पार्क में झूला पट्टी का खूब लुत्फ उठाया।

# नाली के निर्माण पर विवाद, युवक ने जल निगम के ठेकेदार को लाठियों से पीटा

**ललितपुर।** शहर क्षेत्र के मोहल्ला आजादपुरा द्वितीय में रहने वाले अमित कुमार पाल पुत्र शिवप्रसाद ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसका भाई अरुण पाल जल निगम में ठेकेदार है।

बीते बुधवार 14 जनवरी को अपराह्न 1.30 बजे उसका भाई लेडियापुरा आजादपुरा द्वितीय में नाली का निर्माण करा रहा था। तभी वहां रहने वाला आनन्द राजपूत पुत्र कृपाल सिंह शराब के नशे में आया और उसके भाई अरूण को निर्माण कराने के लिए मना करने लगा, जिसका उसने विरोध किया तो आनन्द ने उसके भाई को गालियां दीं और लात-घूसों व लाठियों से मारपीट करने लगा। मारपीट के दौरान उसके भाई को सीने व शरीर में गंभीर चोटें आयीं, जिसको मौके पर आसपास के कई लोगों ने बीच-बचाव किया तो उक्त आनन्द उसे जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। लोगों ने उसके भाई को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर उसके भाई को झांसी रेफर किया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आनन्द राजपूत के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### सब्जी विक्रेता से बाइक सवार दबंगो ने की मारपीट

पाली थाना के कस्बा में रहने वाले बृजेश कुमार पुत्र पप्पू ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि बीती 14 जनवरी की रात करीब 8 बजे वह मुख्य बस स्टेण्ड पर अपनी सब्जी की दुकान को बंद कर रहा था, तभी मोटर साइकिल अपाचे संख्या एम.पी.07 एन.एच. 5545 पर सवार होकर कस्बा निवासी ऋषिपाल पुत्र भज्जू पाल व सचिन एकराय होकर आये और उसे गाड़ी मार दी, जिस पर उसने देखकर चलने की बात कही। इसी बात को लेकर उक्त लोगों ने उसे गालियां दीं और चले गये। कुछ समय बाद उक्त लोग लौटकर आये और हाथों में लाठी-डण्डे व सरिया से उसके साथ मारपीट कर दी और सब्जी फेंकते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी।

# बाइक की टक्कर से पति-पत्नी व पुत्र घायल जिला अस्पताल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

तालबेहट के ग्राम रामपुर मजरा लाटुआ में रहने वाले रमेश पुत्र रामदास कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 22 दिसम्बर 2025 की शाम करीब 6 बजे वह अपनी पत्नी शिवकुमारी व छोटा पुत्र अर्जुन का इलाज कराकर अपनी मोटर साइकिल नं. यू.पी. 94 ए.जे. 1876 से अपने घर लौट रहा था। आते समय रास्ते में ग्राम सेरवासकलां के पहले पुलिया के पास उसकी मोटर साइकिल आगे से ड्राईवर की लापरवाही से बाइक नम्बर यू.पी. 94 एफ 9993 ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह अपनी पत्नी व पुत्र के साथ खून से लथपथ हो गया। वहां मौजूद ग्रामीणों ने एम्ब्युलेंस के जरिए उन्हें सीएचसी तालबेहट पहुंचाया, जहां हालत गंभीर होने पर तीनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# श्री 1008 श्रीलालजी मंदिर में श्रद्धालुओं को खिचड़ी बांटी



**बांसी (ललितपुर)।** कस्बा बांसी मे श्रीश्री 1008 श्री लालजी मन्दिर प्रांगण में मकर संक्रान्ति के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम राजा सरकार के दर्शनों के लिए भक्तों का तांता लगा रहा।

श्रद्धालुओं ने भगवान को तिल और गुड़ के लडडू का प्रसाद चढ़ाया। भगवान से आशीर्वाद प्राप्त किया श्रद्धालुओं को खिचड़ी प्रसाद वितरण किया। इस दौरान पाल बाबा महाराज, अखिलेश खरे, डा.एस.के. सिकदार, गजानंद सुमन, सुरेश गुप्ता, टिंकू गुप्ता, अभिषेक शुक्ला, अज्जू गुप्ता, राज सुमन, भरत साहू, शैलू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# खेत से बिजली का तार ले जाने से मना करने पर मारपीट की

**ललितपुर।** महरौनी थानान्तर्गत ग्राम दिगवार निवासी चन्द्रभान पुत्र संतोष सिंह लोधी ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 13 जनवरी को अपराह्न करीब 3.15 बजे वह अपने खेत चैकडेम वाले रास्ते पर था, उसी समय गांव के हीरालाल पुत्र बारेलाल उर्फ बल्ले अहिरवार व उसका लड़का रामसेवक अहिरवार, बाबूलाल अहिरवार, हरिश्चंद्र अहिरवार एकराय होकर आये और उसके खेत से बिजली का तार ले जाने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसे गालियां देते हुये मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। शोरगुल सुनकर वहां गांव के कप्तान पुत्र सुमिरन लोधी ने आकर उसे बचाया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### दहेज की मांग करते हुए महिला से मारपीट

कोतवाली महरौनी के ग्राम जरया में रहने वाली पूजा पत्नी पुष्पेन्द्र अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 14 जनवरी को 11 से शाम 5 बजे तक उसके साथ घटना हुयी। घटना को लेकर उसने बताया कि उसका पति पुष्पेन्द्र पुत्र चन्द्रभान शराब पिये हुये था और उसे गालियां देते हुये दहेज में कुछ न देने की बात कहने लगा। जब उसने अपने पिता द्वारा सामथ्र्य अनुसार दान दहेज दिये जाने की बात कही तो पुष्पेन्द्र ने विरोध किया तो सास पुख्खन, ससुर चन्द्रभान, अनूपे अहिरवार ने उसके साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी को 6 साल हो गये हैं। घटना की सूचना उसने अपने भाई अभय को दी। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## श्री अतिशय क्षेत्र गिरारगिरीजी में होगा आयोजन

# 16 से 25 मंडलीय 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर




श्रीदिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र गिरारगिरीजी में 16 जनवरी से 23 जनवरी 2026 तक 25 मंडलीय 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान, श्रीआदिनाथ स्वामी निर्वाणोत्सव, वार्षिक मेला, विश्व शांति महायज्ञ एवं भव्य रथोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

यह आयोजन आचार्य 108 विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य मुनिश्री 108 समत्वसागरमहाराज एवं मुनिश्री शीलसागर महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा। धार्मिक विधि-विधानों का संचालन पंडित मनोज शास्त्री (बगरोही), पंडित देवेंद्र शास्त्री (मड़ावरा) तथा पंडित विकर्ष शास्त्री (सलेहा) द्वारा किया जाएगा। 17 जनवरी को सुबह भगवान श्री आदिनाथ स्वामी का निर्वाणोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया जाएगा। वहीं रात्रि में दिल्ली के मैजिशियन राजकुमार द्वारा प्रस्तुत मैजिक शो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। आयोजन समिति द्वारा महोत्सव के प्रमुख पात्रों का चयन कर लिया गया है। साथ ही 25 मंडलों के लिए 25 परिवारों का भी चयन किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में धर्मवीर एंड पार्टी (भोपाल) द्वारा संगीत सेवा तथा चक्रेश जैन (सोजना) द्वारा मंच संचालन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी ने बताया कि आयोजन में सान्निध्य प्रदान करने हेतु मुनि श्री 108 समत्वसागरजी महाराज ससंघ का मंगल पद विहार जारी है। 14 जनवरी को सैदपुर से साढ़ूमल के लिए विहार हुआ तथा 15 जनवरी को प्रातः मड़ावरा में भव्य मंगल अगवानी की जाएगी। इस दौरान प्रदीप जैन, राजेश रज्जू, अभिषेक जैन, राजू सौरया, अजित जैन आदि मौजूद रहे।

राज्यमंत्री टेटवाल बोले - लापरवाही बरतने पर होगी कार्रवाई, गुणवत्तापूर्ण हो कार्य

# डेढ़ महीने में ही नल-जल योजना की खुली पोल

## बार-बार लीकेज के चलते 5 गांव के आधे घरों मे नहीं पहुंच रहा पानी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-खिलचीपुर

ग्राम पंचायत जैतपुरा कलां में सरकार की महत्वाकांक्षी नल-जल योजना 5 ग्रामीणों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। योजना के तहत गांव के हर घर तक नल से जल पहुंचाने का दावा किया गया था, लेकिन हकीकत यह है कि गांव के आधे से अधिक नलों में कई दिनों से पानी नहीं आ रहा है। इससे ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसके कारण जिले की कुंडालिया परियोजना एवं क्रियान्वयन एजंसी एल एंड टी चालू होने से पहले ही घटिया कार्य होने की ओर इशारा कर रही है।

खिलचीपुर के जैतपुरा कलां सहित गुराडिया,पटेल बडली,कवरजी की बडली, हरिजन मोहल्ला,गुराडिया बडली में पानी की सप्लाई को अभी डेढ महिने ही हुए है और 6 बार लाइन लीकेज होने के कारण अधिकतर जगह पानी नहीं पहुंच पाया जिससे ग्रामीण परेशान रहे। यह जानकारी देने हुए सरंपच गोपाल दांगी ने बताया की ऊंची जगहों पर पानी नहीं पहुंच पा रहा है। पानी की किल्लत के चलते महिलाओं और बुजुर्गों को दूर-दराज के हैंडपंप और कुओं से पानी लाना पड़ रहा है। गर्मी के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग और पंचायत को शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### कमियां छिपाने के लिए जल्दबाजी में हैंडओवर की तैयारी

ग्राम पंचायत जैतपुरा कलां में नल-जल योजना को लेकर ग्रामीणों का आरोप है कि योजना से जुड़े ठेकेदार और अधिकारी अधूरे काम व तकनीकी खामियों को दबाने के लिए मात्र डेढ महिने में ही पंचायत को हैंडओवर कर अपनी कमियां छुपाना चाहते हैं, जबकि इतने छोटे से कार्यकाल में ही कई बार लाइन लीकेज होने की घटना धटित हो चुकी है वही सरपंच गोपाल दांगी का कहना है कि कब कंपनी लगातार 15 दिन पूरे प्रेशर से पानी गांवों के हर एक घर में पहुंचा देगें तब मैं हैंडओवर ले लूंगा। बार बार पाइपलाइन लीकेज होने से दबाव इतना कम है कि नल से पानी निकल ही नहीं रहा। इसके बावजूद ठेकेदार काम पूरा बताए जाने की तैयारी में हैं, ताकि जिम्मेदारी पंचायत पर डालकर अपनी कमियों से बचा जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मौजूदा स्थिति में हैंडओवर हो गया, तो भविष्य में आने वाली सभी समस्याओं का बोझ पंचायत और ग्रामीणों पर आ जाएगा, जबकि असल जिम्मेदार ठेकेदार और विभागीय अधिकारी हैं। गांव में इस बात को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है।सरपंच सहित ग्रामीणों ने मांग की है कि हैंडओवर से पहले पूरी योजना की तकनीकी जांच कराई जाए।

### जल निगम - पीएचई विभाग मिशन मोड पर पेयजल कार्य पूर्ण करे : टेटवाल

बुधवार को राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने सारंगपुर अनुविभागीय कार्यालय में जल निगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के अधिकारियों की संयुक्त समीक्षा बैठक ली। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र में चल रही पेयजल योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश देना रहा।राज्य मंत्री डॉ. टेटवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सारंगपुर अनुविभाग के सभी ग्रामों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था को मिशन मोड पर पूर्ण किया जाए, ताकि आगामी ग्रीष्मकाल में किसी भी गांव में जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पेयजल टंकियों, पाइपलाइन विस्तार एवं जल आपूर्ति से जुड़े सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण सामग्री से किए जाएं तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे हों। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन गांवों में अभी तक पेयजल की नियमित आपूर्ति नहीं हो पा रही है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों और अधिकारियों पर आवश्यक कार्यवाही करने के संकेत भी दिए गए।

### इनका कहना है...

आप मुझे गांवों की डिटेल पहुंचा दीजिए मैं संबंधित से दिखवा लेता हूं।

**दिलीप सिंह, एल एंड टी**

नई चेतना अभियान 4.0 - 'हौसलों की उड़ान'

# कार्यक्रम में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान



हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर

मकर संक्रांति के पर्व पर मध्यप्रदेश डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत नई चेतना अभियान 4.0 के तहत तीन दिवसीय कार्यक्रम "हौसलों की उड़ान" का आयोजन बुधवार को स्थानीय कपिलेश्वर मंदिर परिसर, सारंगपुर में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए उनकी आजीविका को सशक्त करना रहा।

इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं की आर्थिक मजबूती ही परिवार और समाज की प्रगति का आधार है। उन्होंने शासन द्वारा संचालित आजीविका मिशन की सराहना करते हुए महिलाओं को स्वरोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। इस अवसर हर्षा गोड, प्रभारी आजीविका मिशन ने कहा कि आजीविका मिशन का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहयोग एवं समूह आधारित गतिविधियों के माध्यम से स्वरोजगार उपलब्ध कराना है, जिससे वे हर क्षेत्र में आगे बढ़कर भागीदारी निभा सकें। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद,संदीप सोनी डीपीएम, नीलम सक्सेना, नपा उपाध्यक्ष भावना वर्मा, एसडीओपी अरविंद्र सिंह सहित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से महिला समूहों द्वारा तैयार उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री भी की गई। आयोजन ने महिलाओं के भीतर आत्मविश्वास एवं उद्यमिता की भावना को सशक्त करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा और संकल्प के साथ किया गया।

## दूध बेचकर लौट रहा ग्रामीण बाइक समेत कुए में गिरा, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

स्थानीय लाड़नपुर गांव निवासी एक 40 वर्षीय व्यक्ति की बाइक समेत कुएं में गिर जाने से मौत हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने मृतक के शव को कुएं से निकालकर उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पुलिस चौकी में मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। जानकारी के अनुसार लाड़नपुर निवासी प्रहलाद पिता हरिसिंह राजपूत उम्र 40 वर्ष बुधवार को दूध बेचने ब्यावरा गया हुआ था। प्रहलाद जब दूध बेचकर आंतरिक मार्ग से वापस लौट रहा था इस दौरान चैनपुरिया गांव के समीप के एक कुएं में बाईक समेत जा गिरा।

घटना के वक्त मौके पर कोई नहीं था पर बाद में कई लोग एकत्रित हो गए जिन्होंने पुलिस को सूचना देने के बाद लहुलुहान प्रहलाद को कुएं से बाहर निकाला। बाद में प्रहलाद को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नागरिकों को नहीं काटने होंगे भोपाल के चक्कर

# सप्ताह में 3 दिन राजगढ़ में उपलब्ध रहेगी 'पासपोर्ट वैन'



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

राजगढ़ नगर सहित जिलेवासियों को अपना पासपोर्ट बनवाने अब भोपाल के चक्कर नहीं काटने होंगे। नागरिकों को पासपोर्ट सेवाएं जिले में ही उपलब्ध करवाने क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल की पासपोर्ट वैन बुधवार से राजगढ़ में तैनात करवाई गई है।

क्षेत्रीय विधायक अमरसिंह यादव, जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले की मौजूदगी में आमजनों की सहुलियत हेतु वैन में उपलब्ध सेवाओं की शुरूआत करवाई गई। इस वैन में पासपोर्ट बनवाने संबंधित सभी तरह की सुविधाएं, दस्तावेज जमा करने की प्रक्रिया सहित पासपोर्ट संबंधी अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं जिनमें बायोमेट्रिक नामांकन (फोटोग्राफ, फिंगर प्रिंट, डिजिटल सिग्नेचर) सहित दस्तावेज सत्यापन शामिल है। यह वैन 14 जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक स्थानीय मंगल भवन में सप्ताह में 3 दिन सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को उपलब्ध रहेगी। इससे राजगढ़ की जनता समय और पैसे की बचत करते हुए पासपोर्ट सेवाओं का लाभ उठा सकेगी। नागरिक अपन पासपोर्ट बनवानेविभाग की निर्धारित वेबसाइट पर अपॉइंटमेंट बुक कर सकते है। इसके साथ ही संबंधित साईट पर ही शुल्क भी जमा करवाया जा सकता है।

## खेलो एमपी यूथ वॉलीबॉल में करनवास विजेता

ब्यावरा। खेलो एमपी यूथ वॉलीबॉल ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बालक और बालिका दोनों वर्ग में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करनवास के प्रांगण में आयोजित हुआ। जिसके अंतर्गत बालक और बालिका दोनों ही वर्ग में करनवास हायर सेकंडरी विद्यालय के बच्चे विजेता रहे। इस अवसर पर अनेक टीमों ने भाग लिया। जिसमें फाइनल मैच करनवास विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों के बीच में आयोजित हुआ जो की बहुत ही रोमांचक मैच रहा। इसमें करनवास के बच्चों ने दो एक से जवाहर नवोदय विद्यालय के बच्चों को हराया और विजेता बने। साथ ही बालिकाओं वर्ग में भी करनवास हायर सेकेंडरी की बेटियों ने विजेता रहकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर संयोजक फिरोज लोधी विद्यालय के रविंद्र सिंह तोमर खबीर मोहम्मद गौरी उपस्थित रहे। इस मौके पर प्राचार्य महेश कुमार यादव एवं जन शिक्षक लाड सिंह चौहान और अशोक शर्मा ने सभी को बधाइयां प्रेषित की और कहा कि खेलों से जीवन में अनुशासन और जीत की भावना पैदा होती है जीवन में खेल का उतना ही महत्व है जितना की पढ़ाई का। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ट शिक्षिका मंजू लता चैहान, डॉ अर्चना, सीता नीरा शर्मा नीता मनीषा यादव तृषा सक्सेना जानकी गीतांजलि , पूजा, तवबस्सुम अलीशा मैडम, अंसारी मैडम, साथ ही वरिष्ठ शिक्षक तिर्की, महेश राठौड़ का,कमलेश दांगी राम पाटीदार ,राम दांगी , ललित, यश ने सभी का आभार व्यक्त किया।

कन्या पूजन के साथ हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ

# आगामी 22 जनवरी को होने वाले हिंदू सम्मेलन का हुआ ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आगामी 22 जनवरी को कृषि उपज मंडी परिसर में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन की तैयारियों का शुभारंभ बुधवार को धार्मिक विधि विधान के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कन्या पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ध्वजारोहण कर की गई, मंडी परिसर में विधिवत पूजा-अर्चना कर सर्व समाज की सुख-समृद्धि एवं सम्मेलन की सफलता की कामना की गई। इस अवसर पर कन्याओं का पूजन कर उन्हें प्रसाद एवं उपहार प्रदान किए गए। ध्वजारोहण के साथ ही रंगोली एवं सजावट से सजाया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय बन गया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, सर्व हिंदू समाज के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में हिंदू सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

## एकादशी पर तिल, लड्डू, खीर प्रसाद का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶खुजनेर

षटतिला एकादशी पर मालवा के खाटू श्याम मंदिर पर बुधवार सुबह से ही भक्त जनों का जनसैलाब लगा रहा। दूर-दूर से भक्तजन डीजे के साथ पैदल श्री श्याम मंदिर तक निशान यात्रा लेकर पहुंचे जगह-जगह भक्त जनों ने स्वागत भी किया। वहीं बाबा श्याम का दरबार रंग बिरंगी पतंग से सजाया गया बाबा श्याम का अलौकिक श्रृंगार किया खाटू धाम समिति द्वारा 1100 किलो साबूदाने की खिचड़ी, 51 किलो तिल के लड्डू और 200 लीटर दूध की खीर का प्रसाद भक्तों को वितरण किया गया है।

आबकारी ने 18 प्रकरण किए दर्ज

# अवैध मदिरा के निर्माण व परिवहन पर कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, धारण, संग्रहण, विक्रय व परिवहन के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अवैध मदिरा बरामद कर ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई। ब्यावरा वृत्त प्रभारी दीपक राजपूत' द्वारा वृत्त ब्यावरा क्षेत्र के ग्राम मानकी ,नापानेरा कंजर अड्डा, नेताहाड़ी , सुठालिया , तोड़ी , गंगाहोने , भावास, तलावली, पहाड़गढ रोड, मऊ पठार एवं अन्य संदिग्ध स्थलो पर दबिश देकर 18 प्रक्रण कायम कर 180 लीटरकच्ची मदिरा, 3 बियर, 6 मसाला, 3 प्लेन, महुआ लहान और गुड लहान जप्त की गई। साथ ही 4 ड्रम 5 टंकी और अवैध मदिरा निर्माण के लोहे के 2 ड्रम जब्त किए गए। कार्यवाही में वृत्त खिलचीपुर प्रभारी अंकित चौहान, वृत्त सारंगपुर प्रभारी सौरभ कनासे, परीविक्षाधीन आबकारी उपनिरीक्षक अर्चना भवारे की भूमिका रही।

यज्ञ की पूर्णाहुति पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

# धार्मिक स्थल संवासी माता की बड़ली में मकर संक्रांति पर हुआ अनुष्ठान

हरिभूमि न्यूज ▶▶लखनवास



संवासी माता बड़ली पर मकर संक्रांति के अवसर पर क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल संवासी माता जी की बड़ली में आध्यात्मिक उल्लास देखने को मिला। पिछले कुछ दिनों से चल रहे विशेष यज्ञ और अनुष्ठान का बुधवार को श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ समापन हुआ। यज्ञ की पूर्णाहुति और विशेष पूजा सुबह शुभ मुहूर्त में मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ की अंतिम आहुति दी गई। पंडितों ने विधिवत पूजा-अर्चना संपन्न कराई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। मकर संक्रांति के पर्व पर माता जी के दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। प्रसादी वितरण का आयोजन यज्ञ के समापन के बाद प्रसादी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को बड़े ही प्रेम और सेवा भाव से प्रसादी वितरित की गई।

इस दौरान स्वयंसेवकों और ग्रामीणों का विशेष सहयोग रहा जिससे व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रही।भक्तिमय रहा माहौल पूरा परिसर जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं का कहना था कि मकर संक्रांति पर माता जी के सानिध्य में यज्ञ की पूर्णाहुति और प्रसादी ग्रहण करना बड़े सौभाग्य की बात है। कार्यक्रम के अंत में मंदिर समिति ने सभी उपस्थित भक्तों का आभार व्यक्त किया।

# अधिवक्ता संघ का चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़

अधिवक्ता संघ नरसिंहगढ़ का चुनाव सोमवार को शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। चुनाव में अधिवक्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस चुनाव में अध्यक्ष कैलाश यादव, सचिव ललित शर्मा, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश दांगी, कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, सह सचिव सरिता जाटव तथा ग्रंथपाल पद पर कैलाश प्रजापति निर्वाचित हुए। इस चुनाव में सबसे रोचक एवं कड़ा मुकाबला सचिव पद के लिए देखने को मिला। सचिव पद के लिए हुए मुकाबले में अधिवक्ता ललित शर्मा ने 21 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। उन्हें 170 मतों में से 91 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 70 मत मिले। जीत के बाद नव-निर्वाचित सचिव ललित शर्मा ने कहा कि यह चुनाव अत्यंत कश्मकश भरा एवं चुनौतीपूर्ण रहा। तमाम कयासों के बावजूद सचिव पद पर जीत हासिल हुई, जिसके लिए सभी अधिवक्ताओं का भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि आगामी कार्यकाल में संघ को और अधिक सशक्त बनाने के साथ ही युवा अधिवक्ताओं सहित सभी साथियों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया जाएगा। चुनाव परिणाम घोषित होते ही वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।



निजी स्कूल और पुलिस का संयुक्त अभियान

# पॉलीथिन मुक्ति, ट्रैफिक सुरक्षा के नारे लगाते हुए निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



नगर की शैक्षणिक संस्था करियर कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा यातायात जागरुकता एवं पॉलीथिन मुक्ति के संदेश के साथ नगर में रैली का आयोजन किया गया। रैली में शामिल बच्चे अनिवार्य हेलमेट, अनिवार्य सीटबेल्ट एवं पॉलीथिन मुक्त राजगढ़ से संबंधित नारे लगाते हुए साथ चल रहे थे।

एसडीओपी अरविंद राठौड़ एवं महिला बाल विकास विभाग डीपीओ श्यामबाबू खरे ने रिबन काटकर रैली को रवाना किया। स्कूल परिसर से आंरभ हुई रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः स्कूल परिसर पहुंचकर समाप्त हुई। संस्था संचालक डॉ. राकेश पाण्डे ने अपने कहा कि हमारे जिले में में टैफिक नियमों का पालन न होना एवं प्लास्टिक का उपयोग एक बड़ी ज्वलंत समस्या है। इसमें सुधार हेतु जागरूकता लाना ही इस रैली का मुख्य उद्देश्य है। विद्यार्थियों ने इस रैली में उपयोग किए गए हेलमेट, सीट बेल्ट, ट्रैफिक लाइट तथा यातयात नियमों की सूचियों का निर्माण स्वयं ही किया था। बच्चों ने नगर से निकले हाइवे के दोनों तरफ मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक लाइट लगवाने तथा जेब्रा लाइन की मांग भी अतिथियों के सम्मुख रखी। इस अवसर पर थाना प्रभारी अखिलेश वर्मा, यातायात प्रभारी देवनारायण पाण्डे, मोहन सिंह चौहान, इति शर्मा, नरेंद्र शर्मा, व्यापारी संघ अध्यक्ष राजेश पांडे, रैली संयोजक हिमानी सक्सेना, रानी खान, सुरक्षा प्रभारी मनोज पुष्पद आदि उपस्थित रहे।